प्रेषक,

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
प्रयागराज।

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य,
समस्त निजी डी0एल0एड0 कालेज
जनपद प्रयागराज।

पंत्राक/डायट/ 309-10 /2021-22 दिनांक 11.6.2021

विषय-बी0टी0सी0प्रशिक्षण 2013 सेवारत,2014, 2015 एवं डी0एल0एड0 2017 एवं 2018 चतुर्थ सेमेस्टर के अंकानुसंधान आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव,परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0प्रयागराज के पत्रांक/गो0/अंकानुसंधान/498-500/21-22 दिनांक 08.06.2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें,जिसके द्वारा बी0टी0सी0प्रशिक्षण 2013सेवारत ,2014, 2015 एवं डी0एल0एड0 2017 ,2018 चतुर्थ सेमेस्टर के अंकानुसंधान आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने के सम्बन्ध में विस्तृत निर्देश दिये गये हैं।

1.बी0टी0सी0प्रशिक्षण 2013,2015 एवं डी0एल0एड0-2018 चतुर्थ सेमेस्टर की अंकानुसंधान हेतु आनलाइन आवेदन पत्र हेतु बेवसाइड www.btcexam.in पर पूरित किया जाय।

2.बी0टी0सी0प्रशिक्षण 2014 चतुर्थ सेमेस्टर की अंकानुसंधान हेतु आनलाइन आवेदन पत्र हेतु बेवसाइड http//entdata.in/login.php पर पूरित किया जाय।

3.डी0एल0एड0 2017 चतुर्थ सेमेस्टर अभ्यर्थियों के अंकानुसंधान हेतु आनलाइन आवेदन पत्र हेतु बेवसाइड https//www.updeledexam.in/ पर पूरित किया जाय।

उपरोक्त अंकानुसंधान के आवेदन पत्र दिनांक 14.06.2021 से 15.07.2021 तक पूरित किये जायेंगे। उक्त निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में आफलाइन आवेदन पत्र स्वीकार नही किये जायेगें। प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा शुल्क रू0 100.00 प्रति विषय शुल्क प्रशिक्षणर्थी की दर से देय है। **प्रशिक्षणार्थी अधिकतम दो प्रश्न पत्रों में ही अंकानुसंधान हेतु आनलाइन आवेदन कर सकता है,दो से अधिक विषयों में आवेदन करने पर उनका आवेदन निरस्त माना जायेगा।**समस्त संस्थानों द्वारा परीक्षा शुल्क सचिव,परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0प्रयागराज के खाता सख्या**519701010028014IFSC CODE- UBIN 0551970 (UNION BANK OF INDIA ,LIC COLONY ,147-A/58 JAWAHAR LAL NEHRU ROAD ,NEAR TAGORE TOWN,COLONELGANJ ALLAHABAD में जमा करने के उपरान्त की फारवर्ड किया जायेगा साथ ही उक्त की मूल रसीद प्रति एवं** अंकानुसंधान पत्र की प्रति डायट को दिनांक 16.07.2021 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें,जिसे सचिव,परीक्षा नियामक प्राधिकारी को प्रेषित किया जा सके ।

संलग्नक-उक्त पत्र

भवदीय

उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
प्रयागराज।

पृ0सं0/डायट/ /2021-22 उक्त दिनांक।

प्रतिलिपि-सचिव,परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ0प्र0प्रयागराज की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित ।

उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान,
प्रयागराज।